5
24-7-10

प्रेषक,

निदेशक
विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, देहरादून।

सेवा में,

प्राचार्य,
राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय/श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालय
उत्तराखण्ड।

बागेश्वर

पत्रांक/रा0गां0नवो0वि0/ 15810-21 /2010-11 दिनांक 26 जून, 2010

विषय :— **राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालयों में कक्षा 11 एवं 12 में संकायों के संचालन के संबंध में।**

महोदय,

उक्त विषय के सन्दर्भ में आपको अवगत कराना है कि प्रदेश में संचालित राजीव गाँधी नवोदय विद्यालयों एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालयों में कक्षा 11 एवं 12 में निम्न प्रकार से संकायों का संचालन किया जायेगा।

क्र0सं0	जनपद का नाम	मानविकी	विज्ञान वर्ग	वाणिज्य
		राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय		
01	देहरादून	—	विज्ञान	वाणिज्य
02	पौड़ी	कला	विज्ञान	—
03	हरिद्वार	—	विज्ञान	वाणिज्य
04	नैनीताल	—	विज्ञान	वाणिज्य
05	चम्पावत	कला	विज्ञान	—
06—	पिथौरागढ़	कला	विज्ञान	—
07	अल्मोड़ा	—	विज्ञान	वाणिज्य
08	टिहरी	—	विज्ञान	वाणिज्य
		श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालय		
09	उत्तरकाशी	कला	विज्ञान	—
10	रूद्रप्रयाग	—	विज्ञान	वाणिज्य
11	चमोली	कला	विज्ञान	—
12	बागेश्वर	—	विज्ञान	वाणिज्य
13	ऊधम सिंह नगर	कला	विज्ञान	—

इन संकायों में विषय संयोजन निम्न प्रकार से रखा जायेगा —

(अ) विज्ञान संकाय

1. हिन्दी कोर 2. अंग्रेजी कोर 3. भौतिक विज्ञान
4. रसायन विज्ञान 5. गणित 6. जीव विज्ञान

नोट :— छात्र/छात्राऐं गणित एवं जीव विज्ञान में से किसी एक विषय को चुन सकते है।

(ब) कला संकाय

1. अर्थशास्त्र 2. भूगोल 3. इतिहास

(स) वाणिज्य संकाय

1. अर्थशास्त्र 2. लेखा शास्त्र 3. व्यावसायिक अध्ययन

प्राचार्य छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों की मांग पर छात्र हित में हिन्दी कोर के स्थान पर कम्प्यूटर विज्ञान का पद सृजन हेतु निदेशालय से अनुमति प्राप्त कर सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली को प्रस्ताव प्रेषित कर सकते हैं। विद्यार्थियों को अपनी रूचि के संकाय में अध्ययन हेतु राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय/श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालयों में (मात्र कक्षा 11 में) स्थानान्तरण की सुविधा प्राप्त होगी, जिसके लिए छात्र संख्या का अनुपात भी बनाये रखना अनिवार्य होगा। ऐसे विद्यार्थी अपने निकटवर्ती राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय/श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालय जहाँ इच्छित संकाय में शिक्षण की व्यवस्था हो में कक्षा 11 में स्थानान्तरण के फलस्वरूप (Mini Migration) प्रवेश ले सकेंगे। कक्षा 12 में किसी भी दशा में राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय/श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालय से दूसरे राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय/श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालय अथवा एक संकाय से दूसरे संकाय में स्थानान्तरण की अनुमति नहीं दी जायेगी।

कक्षा 11 में विद्यार्थियों द्वारा अपनी रूचि के संकाय में अध्ययन/स्थानान्तरण हेतु इस आशय का प्रार्थना पत्र देना होगा, साथ ही संबंधित प्राचार्य द्वारा विद्यार्थी के अभिभावक से भी उनकी इस हेतु लिखित सहमति ली जायेगी।

जिस शैक्षिक सत्र में इन विद्यालयों में कक्षा 10 संचालित हो उसी समय संबंधित प्राचार्य अपने विद्यालय में उपरोक्तानुसार स्वीकृत संकायों में अध्ययन की अनुमति हेतु विषय संयोजन का उल्लेख करते हुए सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली को प्रस्ताव भेजकर संकाय खोलने की प्रक्रिया पूरी कर लेंगे, ताकि कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम प्राप्त होने पर विद्यार्थियों को कक्षा 11 में प्रवेश लेने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

अतः उपरोक्तानुसार संकायों का संचालन एवं विषयों का संयोजन किया जायेगा। सभी विद्यालयों के प्राचार्य तदनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

Pman 26/6/10

(पुष्पा मानस)
निदेशक,
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड

R.G.N.V.-2

27/05/2022